इन्क्युबेशन सेंटर के लिए पंजीकरण कराना जरूरी

एकेटीयू

लखनऊ, संवाददाता। एकेटीयू से जुड़े संस्थानों को इन्क्युबेशन सेंटर की स्थापना के लिए सेक्शन 8 कंपनी में पंजीकरण कराना जरूरी है। 15 मार्च से पहले यह कार्य करना होगा।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने संबद्ध संस्थानों में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करा रहा है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि इनोवेशन हब की अगुवाई में इन्क्युबेशन सेंटर को स्थापित किया जाना है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए कुलसचिव रीना सिंह ने सभी संस्थानों को पत्र लिखा है।

इसके तहत इन्क्युबेशन सेंटर के प्रथम चरण के तहत सेक्शन 8 कंपनी के पंजीकरण को जनवरी तक करा उसका प्रमाणपत्र इन्क्युबेटर्स एट एकेटीयू डॉट एसी डॉट इन पर भेजना होगा। जिससे कि इस साल 15 मार्च से पहले सभी संस्थान में इन्क्युबेशन सेंटर की स्थापना और संचालन करने लगें।

बता दें कि इन्क्युबेशन सेंटर की स्थापना के लिए संस्थानों के निदेशकों और प्राचार्य के साथ कुलपति प्रो. जेपी पांडेय और अन्य विशेषज्ञों की ऑनलाइन बैठकें हो चुकी हैं। जानकारी के अनुसार बता दें कि इसमें सेंटर की स्थापना से लेकर उसके संचालन और नीति, नियम व योजनाओं की जानकारी साझा की गई है।

25 तक चैलेंज मूल्यांकन के लिए आवेदन करें छात्र

एकेटीयू के सत्र 2022-23 के सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का रिजल्ट घोषित किया जा चुका था। ऐसे में जो छात्र इस परीक्षा की अपनी कॉपियों का चैलेंज मूल्यांकन कराना चाहते हैं उनकी कॉपियां ईआरपी लॉगइन पर अपलोड कर दी गई हैं। छात्र कॉपियों के चैलेंज मूल्यांकन के लिए 25 जनवरी तक निर्धारित शुल्क जमा कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।